भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2065

जिसका उत्तर 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है।

.....

मध्य प्रदेश में योजनाएं

2065. श्री गजेन्द उमराव सिंह पटेल:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मध्य प्रदेश में चल रही नई जल संसाधन योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या वर्षा जल के संरक्षण के लिए कोई विशेष परियोजना विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) मंत्रालय के अधीन पंचायत स्तर पर चल रही विभिन्न योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या जनजातीय क्षेत्र के लाभ के लिए खरगोन-बड़वानी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए कोई विशेष परियोजना विचारीधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टूडू)

(क): जल राज्य का विषय है, जल संसाधन से जुड़ी योजनएं/परियोजनाएं राज्य सरकारों द्वारा उनके संसाधनों और प्राथमिकताओं के अनुसार योजनाबद्ध, वित्तपोषित, निष्पादित एवं संचालित की जाती हैं। भारत सरकार विभिन्न जल संबंधित योजनाओं को मध्य प्रदेश में भी कार्यान्वित करती है। मध्य प्रदेश में कार्यान्वित मुख्य नई/चल रही जल संसाधन योजनाओं में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई (पीएमकेएसवाई), नदियों की इंटर-लिंकिग के लिए राष्ट्रीय प्ररिप्रेक्ष्य योजना के तहत केन-बेतवा लिंक परियोजना, राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना, राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना, 6वीं लघु सिंचाई गणना, नमामि गंगे, 15वीं वित्त आयोग से जुड़े अनुदान, अटल जल, जल जीवन मिशन, अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) शामिल हैं। पीएमकेएसवाई के उप-घटकों में त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी), कमांड क्षेत्र विकास और जल विकास (सीएडी एवं डब्ल्यूएम), हर खेत को पानी (एचकेकेपी) इत्यादि शामिल हैं।

(ख): जल शक्ति मंत्रालय मुख्यतः जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए मध्य प्रदेश समेत देश भर में सभी जिलों के (ग्रामीण के साथ-ही-साथ शहरी क्षेत्र) सभी ब्लॉकों को कवर करने के लिए दिनांक 29.03.2022 से 30.11.2022 के दौरान "जल शक्ति अभियान: कैच द रेन" (जेएसए:सीटीआर)-2022 अभियान कार्यान्वित कर रहा है। इसके अलावा, उपरोक्त योजनाओं का उद्देश्य वर्षा जल संरक्षण समेत जल संरक्षण के लक्ष्य को पूरा करना है।

(ग) और (घ): जल शक्ति मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित मुख्य योजनाएं जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में लागू हैं, उन्हें पंचायत स्तर पर भी कार्यान्वित किया जाता है। उसी प्रकार, जल क्षेत्र से संबंधित चल रही मुख्य योजनाएं जिन्हें इस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जाता है खरगोन-बड़वानी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के जनजातीय क्षेत्र पर भी लागू होती है ताकि उन्हें भी उनका लाभ मिले। विशेषत, खरगोन और बड़वानी जिलें में इंद्रा सागर परियोजना नहर फेज़-I, II एवं IV कार्यान्वित की जा रही है इसमें और खरगोन जिलें में ओमकारेश्वर परियोजना नहर फेज़-III कार्यान्वित की जा रही है।

*****